दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार
बरेली, सोमवार 13 फरवरी 2017

20 मार्च से भरा जाएगा एकेटीयू का परीक्षा फॉर्म

नोएडा : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध प्रदेश के इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेजों की सम सेमेस्टर परीक्षा का फॉर्म 20 मार्च से भरा जाएगा। परीक्षाएं मई में प्रस्तावित हैं। एकेटीयू ने अधिसूचना जारी कर कॉलेजों से कहा है कि इस बार परीक्षा फॉर्म में नाम, माता-पिता का नाम, सिग्नेचर आदि ब्यौरे के साथ आधार कार्ड का नंबर भरना अनिवार्य है। जिन छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं हैं उन्हें इससे सूचित कर दें। ताकि ऐसे छात्र 20 मार्च से पहले अपना आधार कार्ड बनवा लें। दरअसल, एकेटीयू मई में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में पहली बार छात्रों की बायोमेट्रिक हाजिरी लेने की तैयारी कर रहा है।

परीक्षा के दौरान हर दिन छात्र की बायोमेट्रिक अटेंडेंस ली जाएगी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों का कहना है कि यदि कोई छात्र फर्जी तरीके से परीक्षा दे रहा है तो हाजिरी के दौरान उसका डाटा ही मशीन स्वीकार नहीं करेगी।